समाचार

# महापौर व आयुक्त ने लायंस क्लब के स्वच्छता अभियान में शिरकत कर किया सफाई कार्य

## (मुड़ापार स्थित मुड़ादाई तालाब में लायंस क्लब बालको द्वारा आयोजित हुआ स्वच्छता अभियान )



कोरबा 02 अक्टूबर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत न आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज लायंस क्लब बालकोनगर द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में पहुंचकर मुड़ादाई तालाब व परिसर में साफ–सफाई का कार्य किया, इस मौके पर लायंस क्लब बालको तथा नगर पाकि निगम कोरबा द्वारा सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का सम्मान भी किया गया।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के समापन दिवस, महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लायंस क्लब बालकोनगर के द्वारा गुरूवार को कोरबा के मुडापार स्थित मुड़ादाई तालाब में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अभियान में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए साफ–सफाई का कार्य किया, वहीं इस मौके पर लायंस क्लब के पदाधिकारियों सदस्यों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों, सफाई मित्रों ने स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए सफाई का कार्य किया।च इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब बालकोनगर सदैव सामजिक कार्यो में अग्रणी रहा है, इसी कड़ी में उसके द्वारा इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके लिए मैं क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को साधुवाद देती हॅ। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन चलाकर देश में स्वच्छता व साफ–सफाई की जो अलख जगाई है, उसकी गुंज आज देश के कोने–कोने में गुंजायमान हो रही है, लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है, लोग साफ–सफाई के महत्व को समझ रहे हैं।

**<u>स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार</u>** – इस अवसर पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि वास्तव में स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है, एक स्वस्थ तन और मन बनाए रखने के लिए साफ–सफाई बहुत जरूरी है, गंदगी एक ओर जहॉ हमें अस्वस्थ करती है, बीमार बनाती है, वहीं दूसरी ओर साफ–सफाई हमें उत्तम स्वास्थ देती है, रोग मुंक्त करती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि शहर हो या गांव, गली हो या मोहल्ला, इनकी स्वच्छता के लिए सबका सहयोग जरूरी है, सबकी सहभागिता आवश्यक हैं। उन्होने आव्हान करते हुए कहा कि आईए, हम सबका मिलकर अपने कोरबा को स्वच्छ वसुंदर शहर बनाएं, अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें उन्होने लायंस क्लब के इस स्वच्छता कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि लायंस क्लब बालककोनगर सहित शहर की सभी संस्थाओं व नागरिकों का इसी प्रकार से निरंतर सहयोग कोरबा को स्वच्छ रखने में प्राप्त होता रहेगा।

**<u>लायंस क्लब बालको ने की अपील</u>**–इस मौके पर लायंस क्लब बालको नगर ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि आईए हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएं, यह एक समाज सेवा का कार्य है, जिसमें लायंस क्लब सभी संस्थाओं व नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, आईए हम सब मिलकर शहर की सफाई में योगदान दें, स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाएं, सब साथ मिलकर काम करें तथा कोरबा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लायंस क्लब अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल,डिस्ट्रिक गवर्नर विजय अग्रवाल, एम.डी.माखीजा, रोहित असरानी, रितेश केडिया, अजय जायसवाल, कैलाश अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, लक्की सोनी अतुल साह, सोनल साह, डॉ.बी.बी.बोर्ड, दीपक अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, विजय सिंह, निगम के स्वच्छता निरीक्षक गिरवर विश्वकर्मा, पीआईयू पंकज गभेल, धनमोहन रात्रे, वरूण गोस्वामी आदि के साथ स्वच्छता कमांडों, सफाई कामगार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।